# कृपा की नज़र | By Amit Kandhari

जिसपे कृपा की नज़र मेरा श्याम रखता है
तो कैसे वो इस जग में बताओ हार सकता है

झुकने ना देगा कभी जग में तुझको तू रख मन में विश्वास ये
तू रख मन में विश्वास ये.......
एक बार ग्यारस में आकर के खाटू लगा देना अरदास ये
लगा देना अरदास ये........
फिर गिरने ना देगा ये आंसू तेरी आँख से
तो कैसे वो इस जग में बताओ हार सकता है

अनहोनी को होनी करके दिखाता
करता चमत्कार ये ............
बिगड़ा मुकद्दर पल में बनाता ऐसा है दिलदार ये
ऐसा है दिलदार ये ............
तेरे जीवन की नैया कर देगा भव पार ये
तो कैसे वो इस जग में बताओ हार सकता है

टूटा कभी ना किसी का भरोसा विश्वास जिसने किया
विश्वास जिसने किया...........
एहसास होने का अपने हमेशा अमित को है इसने दिया
अमित को है इसने दिया........
ये बेख़ौफ़ करता है करके मेहरबानियां
तो कैसे वो इस जग में बताओ हार सकता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0-by-amit-kandhari/